अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में "विश्व स्वास्थ्य दिवस" के अवसर पर विश्वविद्यालय आउटरीच कार्यक्रम के तहत गोद लिये गये गाँव चन्दावली में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया. इस शिविर का आयोजन अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता की प्रेरणा से किया गया. इस जाँच शिविर के आयोजन में मैट्रो हस्पताल फरीदाबाद ने अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ का सहयोग किया. इस जाँच शिविर में मैट्रो हस्पताल फरीदाबाद के चिकित्सकों द्वारा गॉव वासियों के रक्त चाप, मधुमेह तथा हृदय संबंधी रोगों की जाँच की गई. गॉव के निवासियों ने इस शिविर में बढ–चढ़कर भाग लिया और इस शिविर का लाभ उठाया.

इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ० विनोद राठी, महाविद्यालय की चिकित्सा अधिकारी डॉ० रेनू अग्रवाल, डॉ० नरेश कामरा तथा डॉ० जयपाल सिंह उपस्थित थे.